क्र॰ सं॰	राज्य	कम्पनी	आदेश की तारीख	निवल आस्ति	संचित हानि	कर्मचारी स्थिति
4.	मेघालय	नागालैंड पेपर एंड बल्प कम्पनी लि॰	12020	13876	575	जांच के अधीन
5.	उड़ीसा	इडकोल पाइपिंग एंड इंजीनियरिंग वर्क्स लि॰	700	4246	79	जांच के अधीन
		इडकोल सीमेंट लि॰	8850	13654	1025	
6.	पंजाब	इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम पंजाब लि॰	213	2376	361	जांच के अधीन
7.	उत्तर प्रदेश	छाता सुगर कम्प॰ लि॰	609	1517	682	जांच के अधीन
		योग	**22873**	**36788**	**3107**	

रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा लिये गये ऋण

1464. **श्री ईश दत्त यादव:**
चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(क) क्या यह सच है कि बैंक/वित्तीय संस्थान एक नीतिगत मामले के रूप में सरकारी और गैर-सरकारी कंपनियों के सामान्य शेयरों में निवेश करते है या उन्हें ऋण उपलब्ध कराते है;

(ख) यदि हां, तो बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप की सभी कंपनियों में ऋणों और सामान्य शेयरों के रूप में कुल कितना निवेश किया गया है;

(ग) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप की कंपनियों द्वारा समय-समय पर लिये गये तात्कालिक ऋण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सभी ऋणों का भुगतान कर दिया गया है; और

(ङ) यदि नहीं, तो ऐसे ऋणों का भुगतान न की गई राशि की संस्था-वार/बैंक-वार स्थिति क्या है?

वित्त मंत्रालय (बैंकिंग राजस्व तथा बीमा) में राज्य मंत्री (श्री कादम्बूर एम॰ आर॰ जनार्दनन): (क) जी, हां।

(ख) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आई डी बी आई) ने सूचित किया है कि वित्तीय संस्थाओं द्वारा की गई 5430 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता रिलायंस ग्रुप कंपनियों के पास बकाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि उन्होंने बैंकों द्वारा नियमित प्रतिष्ठानों को मंजूर की गई ऋण सुविधाओं से सम्बन्धित आंकड़े एकत्र करना छोड़ दिया है।

(ग) से (ङ) रिलायंस ग्रुप के पास वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त कोई तात्कालिक ऋण बकाया नहीं है।

Rate of interest charged from priority sector debtors

1465. SHRIMATI VEENA VERMA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the total amount of savings in the Saving Bank Accounts with different Nationalised Banks, Post Offices,